# मुख्यमंत्री के विजन को साकार करने में जुटा एसटीएफ, साइबर अपराधियों पर कड़ी नजर




**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जहां भारत को डिजिटल इंडिया बनाने को प्रतिबद्ध हैं तो वहीं अपराधी फर्जी दस्तावेज के सहारे नए-नए तरीके से साइबर क्राइम को अंजाम देने में जुटे हैं। साइबर अपराधियों का तार देश भर में जुड़ा हुआ है। कई साइबर अपराधियों को उत्तराखंड एसटीएफ ने पकड़कर सलाखों के पीछे ढकेल दिया है और ऐसे अपराधियों को सबक सिखाने में जुटी हुई है।

ये साइबर अपराधी विज्ञापनों के माध्यम से ऑनलाइन ट्रेडिंग कर अधिक मुनाफे का लालच देकर लोगों से एकमुश्त रुपये जमा कराते हैं और उनकी गाढ़ी कमाई को हजम कर जाते हैं। मोबाइल एप्लीकेशन के सहारे धोखाधड़ी को अंजाम देते हैं। इसके लिए नाम, आईडी, बैंक खाते, सिमकार्ड, चेकबुक समेत सारे फर्जी कागजात का सहारा लेते हैं।

एसटीएफ व साइबर क्राइम पुलिस लगातार ऐसे साइबर अपराधियों के पीछे लगी हुई है और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विजन सरलीकरण, समाधान एवं निस्तारण के अनुरूप पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार के निर्देशन में साइबर धोखाधड़ी करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करते हुए उत्तराखंड को अपराध मुक्त बनाने की ओर अग्रसर है। देहरादून साइबर पुलिस देश भर में विभिन्न राज्यों से प्राप्त शिकायतों के संबंध में जानकारी के लिए अन्य राज्यों की पुलिस के साथ संपर्क कर रही है।

**अंजान अवसरों के प्रलोभन में न आएं-**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ उत्तराखंड आयुष अग्रवाल ने जनता से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार के लोक लुभावने अवसर, फर्जी साइट, धनराशि दोगुना करने व टिकट बुक करने वाले अंजान अवसरों के प्रलोभन में न आएं। फर्जी निवेश ऑफर जैसे यूट्यूब लाइक, सब्सक्राइब, टेलीग्राम आधारित निवेश वेबसाइट ऑफर में निवेश न करें व किसी भी अंजान व्यक्ति के संपर्क में न आएं अथवा न ही किसी भी अंजान व्यक्ति से सोशल मीडिया पर दोस्ती करें।

**साइबर अपराध घटित होने पर तत्काल 1930 नंबर पर संपर्क करें-**

अंजान कॉलर की सत्यता की जांच करे बिना किसी भी प्रकार की सूचना अथवा दस्तावेज न दें। किसी भी प्रकार के ऑनलाइन जॉब के लिए आवेदन से पूर्व उक्त साईट का पूर्ण वेरीफिकेशन संबंधित कंपनी आदि से भली-भांति जांच पड़ताल अवश्य करा लें। गूगल से किसी भी कस्टमर केयर का नंबर सर्च न करें।

# चुनाव के दृष्टिगत पुलिस ने पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों के साथ किया फ्लैग मार्च

**अपील**

**8 आगामी लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस के सहयोग करने की अपील की।**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**

पुलिस ने पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों के साथ कोतवाली मंगलौर के कस्बा लंढौरा क्षेत्रांतर्गत फ्लैग मार्च किया।

इस दौरान संवेदनशील क्षेत्रों में भ्रमण कर आगामी लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस के सहयोग करने की अपील की।

आगामी लोकसभा चुनाव की व्यवस्थाओं के लिए जनपद को मिली पैरामिलिट्री फोर्स को साथ लेकर कोतवाली मंगलौर पुलिस द्वारा एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल के आदेश पर कस्बा लंढौरा क्षेत्रांतर्गत चमनलाल डिग्री कॉलेज, काली माता मंदिर तिराहा, बड़ा मदरसा, लैला मजनू चौक, तेलियान मस्जिद, मातावाला हसन बाग, गाधारोणा रोड़, लक्सर रोड़, पुरानी चौकी, बस अड्डा तिराहा आदि स्थानों पर फ्लैग मार्च निकालकर लोकसभा चुनाव के दौरान आमजन से शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की गई।

## स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**

नशा तस्कर के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए लक्सर पुलिस ने एक व्यक्ति को 5,09 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार व्यक्ति के विरुद्ध एनडीपीएस ऐक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपित को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

लक्सर कोतवाली के एसएसआई मनोज गैरोला ने बताया कि पुलिस टीम ने तीन मार्च को एक 35 वर्षीय युवक आरिफ पुत्र रिफाकत निवासी ग्राम जैनपुर खुर्द को लक्सर क्षेत्र से 5.09 ग्राम अवैध स्मैक और दो हजार रुपये नकद के साथ गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध कोतवाली लक्सर पर एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# 'मेरी योजना' पुस्तक के प्रकाशन से पूर्व संतों-मंहतों से किया गया विमर्श

**'मेरी योजना'**

**8 'मेरी योजना' पुस्तक का प्रचार प्रसार वेबसाइट के माध्यम से जन-जन तक किया जाएगा**



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशन में उत्तराखंड की डबल इंजन सरकार की उपलब्धियां को लेकर प्रकाशित होने वाली प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मेरी योजना, मेरा अधिकार अपनी सरकार पुस्तक को लेकर ऋषिकेश क्षेत्र के संत समाज एवं प्रभावशाली व्यक्तित्वों परमार्थ निकेतन, स्वर्गाश्रम, गीता भवन प्रेस, वेद निकेतन-श्री श्री रविशंकर के अनुयायी, दयानन्द आश्रम, भरत मंदिर के मंहत, वरुण वत्सल हर्षवर्धन शर्मा से भी मन्त्रणा की गई।

बताया गया कि 'मेरी योजना' पुस्तक का प्रचार प्रसार वेबसाइट के माध्यम से जन-जन तक किया जाएगा, जिससे इससे आम जनता लाभान्वित होगी।

यह पुस्तक सरकार के कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग विभाग की ओर से प्रकाशित की जा रही है यह जानकारी विभाग के सचिव दीपक कुमार ने देते हुए बताया कि पुस्तक में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अभी तक किए गए केंद्र व राज्य सरकार की डबल इंजन की सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों पर आधारित रहेगी, जिसका प्रकाशन लोग सूचना विभाग द्वारा किया जाएगा, जिसमें सभी वर्ग के लोगों के विचार भी आमंत्रित किए गए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### ग्रामीणों को शव सड़क पर रखकर जाम लगाना पड़ा महंगा, 60 से ज्यादा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**

लक्सर रायसी मार्ग पर हुए सड़क हादसे में टेंपो चालक की हुई मौत से आक्रोशित लोगों को शव को सड़क पर रखकर जाम लगाना भारी पड़ गया है। मामले में पुलिस ने 60 से अधिक लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मौके पर कराई गई वीडियोग्राफी और फोटो की मदद से पुलिस आरोपितों की पहचान कर रही है।

गुरुवार की रात्रि लक्सर रायसी मार्ग पर रायसी गांव के निकट खनन से लदी ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर टेंपो चालक कालूराम 48 वर्ष की मौत हो गई थी। शुक्रवार को शव के पोस्टमार्टम के बाद ग्रामीणों द्वारा पुलिस पर मामले में लीपापोती करने का आरोप लगाते हुए रायसी में शव को सड़क पर रखकर जाम लगाया गया था।

मामले में रायसी पुलिस चौकी प्रभारी कमलकांत रतूड़ी ने 60 से अधिक ग्रामीणों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि ग्रामीणों द्वारा शव को सड़क पर रखकर दो घंटे से अधिक मार्ग को बाधित किया गया। जिससे जहां आने-जाने वाले लोगों को भारी परेशानी जलानी पड़ी। छोटे बच्चे व महिलाएं सड़क पर वाहनों में फंसे रहे। जाम के कारण आवश्यक सेवाये बाधित रही। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक राजीव रौथान, वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज गैरोला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा सड़क जाम करने वाले ग्रामीणों को समझाया, लेकिन उक्त लोग नहीं माने। घण्टों कड़ी मशक्कत के बाद जाम को खोला गया। कोतवाल राजीव रौथान ने बताया कि सड़क जाम करने वाले ग्रामीणों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मौके पर हुई वीडियोग्राफी और फोटो की मदद से आरोपितों की पहचान की जा रही है।

### धामी मंत्रिमंडल में लोक और निजी संपत्ति अध्यादेश 2024 पर लगी मुहर

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

धामी मंत्रिमंडल में सोमवार को उत्तराखंड लोक और निजी संपत्ति अध्यादेश 2024, शिक्षा सहित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। इस पर उत्तरप्रदेश से ज्यादा उत्तराखंड में अधिकतम 08 लाख की पेनाल्टी है।

सोमवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक हुई। इस बैठक को लेकर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने ब्रीफिंग की। इस दौरान उत्तराखंड लोक और निजी संपत्ति क्षति वसूली एक्ट बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई।

इस एक्ट के बनने से दंगाइयों और प्रदर्शनकारियों की ओर से सरकारी और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर सख्त कार्रवाई और वसूली का प्रावधान किया जा रहा है। दंगे या आंदोलन में अगर नुकसान किया गया तो संबंधित पर कार्रवाई होगी। अध्यादेश लागू होने के लिए राजभवन भेजा जाएगा। उत्तराखंड में अधिकतम 08 लाख तक की पेनाल्टी है। इस कानून पर उत्तरप्रदेश में 05 लाख है। इस अधिनियम के परियोजन के तहत शारीरिक नुकसान होने पर दावा किया जा सकता है।

दावा आयुक्त, एडीएम स्तर का अधिकारी होगा। दावा अधिकरण, लोक संपति, किसी व्यक्ति/धार्मिक,सोसायटी, निकाय, चल अचल संपत्ति में सुनवाई होगी। संबंधित पुलिस क्षेत्राधिकारी की रिपोर्ट जिलाधिकारी को जाएगी। तीन महीने के अंदर अधिकतम समय पर कार्रवाई होगी।

बैठक में ट्री प्रोटेक्शन एक्ट 1976 में संशोधन प्रस्ताव भी लाया गया। वित्त विभाग के अधीनस्थ लेखा संवर्ग के कर्मियों का अधिकार वित विभाग के अधीन ही होंगे। एनआईटी सुमाड़ी को निशुल्क जमीन देने को मंजूरी दी गई है। एनआइटी सुमाड़ी के प्रथम चरण के निर्माण के लिए 5.335 एक-ड़ भूमि तकनीकी विभाग एनआईटी को देगा।

### तेंदुआ नहीं आसिफ जलाल उठा ले गया था लड़की, अब गया जेल;

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**

नैनीताल से 22 साल की युवती संदिग्ध हालात में लापता हो गई थी। पुलिस ने युवती को बरामद कर लिया है। युवती के अपहरण के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अब मामले की जांच रेगुलर पुलिस करेगी।

नैनीताल में युवती के अपहरण के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजने के साथ युवती को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। युवती को आज कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# श्यामपुर फैक्टरी से लोहे का सामान चोरी करने वाले दो आरोपितों को पुलिस ने माल सहित किया गिरफ्तार



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**

ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने श्यामपुर स्थित एक फैक्टरी से लोहे का सामान (डाई) व अन्य सामान चोरी करने वाले 02 शातिर चोर गिरफ्तार माल बरामद, चोरी में प्रयुक्त टेंपो सीज किए हैं।

**विवेचना**

**8 तहरीर के आधार पर कोतवाली ऋषिकेश में अभियोग पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ की गई।**

कोतवाली ऋषिकेश प्रभारी निरीक्षक शंकर सिंह बिष्ट ने बताया कि कोतवाली में अशोक माथुर पुत्र त्रिलोकी नाथ माथुर निवासी भट्टोवाला गुमानीवाला ऋषिकेश देहरादून के द्वारा एक लिखित तहरीर उनकी फैक्ट्री यूनिस्टार इंडस्ट्री से अज्ञात चोरों के द्वारा लोहे का सामान (डाई) व अन्य सामान चोरी कर लेने के संबंध में दी गई। तहरीर के आधार पर कोतवाली ऋषिकेश में अभियोग पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ की गई।

चोरी की घटना के दृष्टिगत प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ऋषिकेश द्वारा घटना के अनावरण हेतु एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करते हुए, उच्च स्तरीय प सीसीटीवी कैमरे की फुटेज का अवलोकन कर तथा मुखबिर तंत्र की सहायता से घटना से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां एकत्रित कर 03 मार्च को श्यामपुर से घटना उपरोक्त से संबंधित दो अभियुक्तो को चोरी की घटना में प्रयुक्त टेंपो रजिस्ट्रेशन नंबर यूके14टीए4629 सहित गिरफ्तार कर चोरी किया गया माल बरामद किया गया है।

पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपितों के नाम महेश कुमार उर्फ धारी पुत्र रामधारी निवासी स्वामी नारायण घाट थाना ऋषिकेश ,सोनू कुमार पुत्र त्रिभुवन सिंह श्रीवास्तव निवासी चंद्रेश्वर नगर ऋषिकेश बताए गए हैं। जिनसे पुलिस ने 06 लोहे की डाई, एक बिल बुक यूनिस्टार्स इंडस्ट्रीज,टेंपो रजिस्ट्रेशन नंबर यूके14टीए46294629 भी बरामद किए हैं।

## अवैध खनन और ओवरलोडिंग वाहनों पर पुलिस ने कसा शिकंजा

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**

लक्सर कोतवाली अंतर्गत सुल्तानपुर चौकी पुलिस द्वारा अवैध खनन सामग्री से भरे ओवर लोडिंग वाहनों के संचालन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की गई कार्रवाई से न केवल अवैध वाहन संचालन पर रोक लगी है अपितु विभागीय राजस्व में भी बढ़ोतरी हुई है।

वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज गैरोला ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा अवैध खनन व ओवर लोडिंग वाहनों पर रोक लगाने के लिए अलग से टीम गठित करने के निर्देश दिए गए थे।

# रिहायशी कालोनी में आया हाथियों का झुंड

**दहशत**

**8 स्थानीय लोगों का कहना है कि आए दिन हाथियों के झुंड की यहां आमद से वो दहशत में हैं।**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**

रिहायशी कॉलोनियों में जंगली जानवरों की चहलकदमी आम बात हो गई है। जंगल से सटी कालानियो के अलावा बीच शहर में भी अब जंगली जानवर अपनी दस्तक देने लगे हैं। जिस कारण से लोगों में दहशत का कारण बनी हुई है। हरिद्वार की एक कॉलोनी में आज सुबह हाथियों के आज जाने से यहां लोग डरे हुए हैं।

सोमवार की सुबह के लक्सर रोड स्थित मिस्सरपुर की शिव विहार कॉलोनी में हाथियों का झुंड घुस आया। काफी देर तक हाथियों ने यहां कालोनी में चहल कदमी की। कॉलोनी की गली में हाथियों के झुंड के मंडराने की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि आए दिन हाथियों के झुंड की यहां आमद से वो दहशत में हैं। वन विभाग को इसे रोकने के इंतजाम करने चाहिए। वीडियो में जंगली हाथियों का झुंड जंगल के पास बनी कॉलोनी में सैर करत रहा है। गनीमत रही कि हाथियों ने वहां किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया।

# हत्या के प्रयास के आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**

जान से मारने की नीयत से फायर कर हत्या के प्रयास के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित के पास से तमंचा व कारतूस बरामद किया है।

जानकारी के मुताबिक जनपद के कोतवाली मंगलौर के ग्राम आमखेड़ी निवासी धर्मवीर पुत्र हुकम ने बाइक सवार दो अज्ञात युवकों पर जान से मारने की नीयत से फायर कर फरार होने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर 5 फरवरी को मुकदमा दर्ज कराया था।

मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपित की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी पुलिस ने आरोपित को मुखबिर की सूचना पर चैकिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित के पास से एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस आरोपित के इतिहास की जानकारी जुटा रही है।

आरोपित का नाम अंकुश उर्फ रांझा पुत्र राजपाल निवासी ग्राम मुण्डलाना कोतवाली मंगलौर जिला हरिद्वार बताया गया है।

पुलिस ने इस मामले में एक विधि विवादित किशोर भी पकड़ा है। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने बताया कि रंजिश के चलते दोनों को किसी और व्यक्ति की सुपारी दी गई थी, लेकिन सही पहचान न होने के चलते इन्होंने गलती से धर्म वीर पर जान से मारने की नीयत गोली चला दी। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।

# लोकसभा चुनाव-2024 : टिहरी गढ़वाल लोकसभा सीट पर 2012 से अब तक है राजशाही परिवार का कब्जा

**लोकसभा सीट**

**8 -राज्य निर्माण के बाद के माला राज्यलक्ष्मी पहली महिला सांसद हैं, इस सीट पर 11 बार से जीत रहा है राजशाही परिवार**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

टिहरी गढ़वाल लोकसभा सीट पर स्वतंत्रता के बाद अब तक राजशाही परिवार का कब्जा है। इस लोस सीट पर राजशाही परिवार 11 बार से जीतता आ रहा है। वर्ष 2012 में टिहरी लोस सीट पर हुए उपचुनाव में पहली बार माला राज्यलक्ष्मी शाह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से निर्वाचित हुईं। इसके बाद से वो लगातार जीत दर्ज करती आ रहीं हैं।

टिहरी गढ़वाल लोकसभा सीट से माला राज्यलक्ष्मी शाह सांसद हैं। माला राज्य लक्ष्मी शाह का जन्म नेपाल के काठमांडू (23 अगस्त 1950) में हुआ। उनकी शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट है। वह राज्य निर्माण के बाद के पहली महिला सांसद बनी हैं। टिहरी संसदीय क्षेत्र में राज परिवार के दबदबे को देखते हुए पार्टी ने एक बार फिर माला राज्यलक्ष्मी शाह पर भरोसा जताया है। भाजपा ने माला राज्य लक्ष्मी शाह को 2014 और फिर 2019 में उम्मीदवार बनाया और दोनों चुनाव में वह विजयी रहीं। 17 लोकसभा चुनावों में 11 बार राजशाही परिवार का इस सीट पर कब्जा रहा। 1952 में पहली बार राज परिवार की कमलेंदुमति शाह निर्दलीय चुनाव जीती थीं। कांग्रेस से मानवेंद्र शाह 1957, 1962 और 1967 के लोकसभा चुनावों में विजयी रहे। 1991, 1996, 1998,1999, 2004 तक हुए पांच आम चुनावों में मानवेंद्र शाह भाजपा से लगातार चुनाव जीते। इस सीट पर आठ बार चुनाव जीतने का रिकॉर्ड भी राजशाही परिवार के मानवेंद्र शाह के नाम ही है।

2014 के लोकसभा चुनाव में इस सीट से भाजपा उम्मीदवार माला राज्यलक्ष्मी शाह ने कांग्रेस उम्मीदवार साकेत बहुगुणा को 1,92,503 वोटों के भारी अंतर से हराया था। इस चुनाव में माला राज्यलक्ष्मी शाह को 4,46,733 वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस के साकेत बहुगुणा को 254230 वोट मिले। 2014 के लोकसभा चुनाव में यहां 57.39 फीसदी मतदान हुआ। माला राज्यलक्ष्मी शाह को 2019 लोकसभा चुनाव में कुल 565533 मिले थे और 3 लाख 586 मतों के अंतर कांग्रेस उम्मीदवार प्रीतम सिंह को हराया था। प्रीतम सिंह को 2,64747 मत मिले थे।

टिहरी गढ़वाल लोकसभा सीट में कुल आबादी 1923454 है, जिसमें से 61.93 फीसदी आबादी ग्रामीण और 38.07 फीसदी आबादी शहरी क्षेत्र में रहती है।

यहां करीब 17.15 फीसदी आबादी अनुसूचित जाति की और 5.80 फीसदी आबादी अनुसूचित जनजाति के लोगों की है। अकेले टिहरी जनपद की बात करें तो जनपद टिहरी में कुल मतदाता 5.15 लाख है। इनमें से पुरुष 2.65 लाख,महिला 2.50 लाख, थर्ड जेंडर 03, दिव्यांग 4342 हैं। 18 से 19 वर्ष आयु के 8667 और 20 से 29 वर्ष आयु के 1,07,784 व 80 वर्ष के 12245 मतदाता है।

1957 में यह संसदीय क्षेत्र पहली बार अस्तित्व में आया-

1957 में टिहरी गढ़वाल संसदीय क्षेत्र पहली बार अस्तित्व में आया। इस लोकसभा सीट को उत्तरकाशी, देहरादून और टिहरी गढ़वाल जिले के कुछ हिस्सों को शामिल कर बनाया गया है। उत्तरकाशी से पुरोला, गंगोत्री, यमुनोत्री विधानसभा और टिहरी जनपद से घनसाली, प्रतापनगर, टिहरी, धनोल्टी,देहरादून जनपद से चकराता, विकासनगर, सहसपुर, रायपुर, राजपुर रोड, देहरादून कैंट और मसूरी विधानसभा आते हैं। कुल 14 विधानसभा है।

धार्मिक और ऐतिहासिकता को लेकर इस सीट का अपना महत्व है। इस लोकसभा क्षेत्र में लाखमंडल, गंगा का उद्गम स्थल गोमुख, गंगोत्री, यमुनोत्री धाम और विश्व का आठवां सबसे बड़ा टिहरी बांध स्थित हैं। स्वामी रामतीर्थ की तप स्थली और श्रीदेव सुमन की कर्मस्थली टिहरी रही है।

# सनराइजर्स हैदराबाद में क्यों नहीं टिकता कोई भी कप्तान? 12 सीजन में 10 को मिली है कमान

**नई दिल्ली.**Indian Premier League (IPL) 2024 के आगाज से कुछ दिन पहले ही सनराइजर्स हैदराबाद ने ऐलान कर दिया है कि इस सीजन में टीम की कमान ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस संभालेंगे। पिछले सीजन में सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान एडेन मार्करम थे। एडेन मार्करम की कप्तानी में साउथ अफ्रीका20 में सनराइजर्स हैदराबाद की सिस्टर फ्रेंचाइजी टीम सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने दो बार खिताब जीता है। पैट कमिंस को आईपीएल 2024 से पहले हुए मिनी ऑक्शन में सनराइजर्स हैदराबाद ने 20.50 करोड़ रुपये में खरीदा था। इसके बाद से ही कयास लगाए जा रहे थे कि कमिंस को ही आने वाले सीजन में सनराइजर्स हैदराबाद का कप्तान बनाया जाएगा। सनराइजर्स हैदराबाद ऐसी फ्रेंचाइजी टीम है, जिसका कप्तान कभी ज्यादा सीजन तक टिक नहीं पाता है। सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल 2013 में अपना पहला सीजन खेला था और तब टीम के कप्तान कुमार संगकारा थे। संगाकारा की कप्तानी में



सनराइजर्स हैदराबाद ने पांच मैच जीते थे और चार मैच में हार का सामना किया था। बीच सीजन में ही उनकी जगह कैमरोन वाइट को टीम की कमान सौंप दी गई।कैमरोन वाइट की कप्तानी में सनराइजर्स हैदराबाद ने पांच मैच जीते और तीन मैच गंवाए।

2013 में दो कप्तानों के साथ सनराइजर्स हैदराबाद प्लेऑफ तक पहुंच गया था। इसके बाद 2013 चैम्पियंस लीग में सनराइजर्स हैदराबाद ने शिखर धवन को कप्तानी दी और 2014 आईपीएल सीजन में धवन ने सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी की, लेकिन बीच सीजन में उनकी जगह डैरेन सैमी को कप्तान बना दिया गया।

वेस्टइंडीज को अपनी कप्तानी में दो बार टी20 वर्ल्ड कप जिताने वाले सैमी 2014 में कुछ मैचों में कप्तानी की और उस साल टीम प्लेऑफ तक नहीं पहुंच पाई और छठे नंबर पर रही थी। इसके बाद सनराइजर्स हैदराबाद ने डेविड वॉर्नर को टीम का कप्तान बनाया। वॉर्नर ने 2015, 2016, 2017, 2020 और 2021 आईपीएल के मैचों में सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी की थी। 2016 में तो वॉर्नर की कप्तानी में सनराइजर्स हैदराबाद ने इकलौता आईपीएल खिताब भी अपने नाम किया था। वॉर्नर ने कुल 67 मैचों में सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी की और इस दौरान 35 मैचों में टीम को जीत भी दिलाई।

2018 में केन विलियमसन को वॉर्नर की जगह कप्तान बनाया गया था। केन विलियमसन ने 2018, 2019, 2021 और 2022 के बीच सनराइजर्स हैदराबाद की 46 मैचों में अगुवाई की, जिसमें से 22 मैचों में टीम को जीत मिली। 2019 से 2021 के बीच भुवनेश्वर कुमार ने भी सनराइजर्स हैदराबाद टीम की कमान संभाली है। 2021 में मनीष पांडे ने कुछ मैचों में सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी की, जबकि 2023 एडेन मार्करम टीम के कप्तान बने थे और अब पैट कमिंस टीम के नए कप्तान बन गए हैं।

**सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के लिए पैट कमिंस को अपना नया कप्तान नियुक्त कर दिया है। सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से कप्तानी करने वाले पैट कमिंस 10वें खिलाड़ी बनने जा रहे हैं।**

## सुनील गावस्कर ने जसप्रीत बुमराह के रेस्ट पर उठाए सवाल, कहा- 23 ओवर गेंदबाजी करने से कोई...

**नई दिल्ली.एजेंसी**

टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने इंडिया वर्सेस इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के बीच जसप्रीत बुमराह के रेस्ट पर सवाल उठाए हैं। बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ रांची टेस्ट में आराम दिया गया था। उनकी जगह आकाश दीप को डेब्यू का मौका मिला था। हालांकि इस टेस्ट में भारत को बुमराह की कमी नहीं खली और टीम इंडिया ने 5 विकेट से मुकाबला जीतकर सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल की। हालांकि गावस्कर का कहना है कि दूसरे और तीसरे टेस्ट के बीच 9 दिन का गैप था और तीसरे टेस्ट में बुमराह का 23 ओवर गेंदबाजी करना बिल्कुल थका देने वाला नहीं था।बता दें, जसप्रीत बुमराह ने राजकोट टेस्ट की पहली पारी में 15 तो दूसरी इनिंग में 8 ओवर गेंदबाजी की थी। उन्हें वर्कलोड मैनेज करने के लिए रांची में खेले गए चौथे टेस्ट से आराम दिया गया था। हालांकि, वह सीरीज के आखिरी टेस्ट के लिए टीम के साथ फिर से जुड़ गए हैं।सुनील गावस्कर ने जसप्रीत बुमराह के रेस्ट पर सवाल उठाते हुए मिड डे के कॉलम में लिखा, "राजकोट में तीसरे टेस्ट की पहली पारी में सिर्फ 15 ओवर और फिर दूसरी पारी में आठ ओवर फेंकने के बावजूद, संभवतः ट्रेनर की सिफारिश पर बुमराह को रांची के लिए आराम दिया गया था।उन्होंने आगे कहा, "मत भूलो कि दूसरे टेस्ट और तीसरे टेस्ट मैच के बीच नौ दिन का ब्रेक था और पूरे मैच में 23 ओवर गेंदबाजी करना बिल्कुल भी थका देने वाला नहीं है, तो फिर बुमराह को आराम क्यों दिया गया? चौथे टेस्ट के बाद अंतिम टेस्ट मैच से पहले आठ दिन का और ब्रेक मिलने वाला था; बेहद फिट एथलीटों को ठीक होने और देश के लिए खेलने के लिए तैयार होने के लिए यह पर्याप्त समय है। चौथा टेस्ट भी एक महत्वपूर्ण मैच था, अगर इंग्लैंड ने उसे जीत लिया होता तो आखिरी टेस्ट निर्णायक होता।

## पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने किया हारिस रऊफ का अपमान, PSL टीम के मालिक ने बोर्ड को सुनाई खरी खोटी

**नई दिल्ली.**पाकिस्तान सुपर लीग की टीम लाहौर कलंदर्स के मालिक समीन राणा ने हारिस रऊफ के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट को रद्द करने के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) पर हमला बोला है। पिछले महीने, पीसीबी ने एक बयान जारी किया था जिसमें उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पाकिस्तान की 3 मैचों की टेस्ट सीरीज से तेज गेंदबाज के हटने के बाद रऊफ को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर कर दिया था। पीसीबी ने इसी के साथ रऊफ को 30 जून 2024 तक विदेशी टी20 लीग में हिस्सा लेने की भी अनुमति नहीं दी है। राणा ने कहा कि जब रऊफ पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) 2024 की तैयारी कर रहे थे तो राष्ट्रीय बोर्ड को यह घोषणा नहीं



करनी चाहिए थी।

राणा ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो से कहा, उस घोषणा का समय पूरी तरह से अनावश्यक था। कोई पाकिस्तान सीरीज नहीं आ रही थी, या कोई आपातकालीन स्थिति नहीं थी जिसके कारण पीएसएल से दो दिन पहले घोषणा की आवश्यकता थी। तर्क जो भी हो, समय वास्तव में खराब था।

यह रऊफ के लिए मनोवैज्ञानिक रूप से एक बड़ा झटका था क्योंकि उनके पूरे जीवन का मुख्य उद्देश्य पाकिस्तान के लिए खेलना है।राणा ने यह कहने में कोई कसर नहीं छोड़ी कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने रऊफ को सार्वजनिक रूप से अपमानित किया है और बोर्ड इस मुद्दे से निपटने में खराब और दयनीय था।उन्होंने कहा, रऊफ हमारे प्रमुख गेंदबाज हैं, शाहीन अफरीदी के बाद हमारे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्हें सार्वजनिक रूप से अपमानित करना और उनके केंद्रीय अनुबंध को समाप्त करने की घोषणा करते हुए एक प्रेस रिलीज जारी करना, मैंने ऐसा कहीं भी नहीं देखा।

## क्या PAK क्रिकेटर इफ्तिखार अहमद को मिला अनंत अंबानी के प्री-वेडिंग जश्न का न्योता? शहनवाज दहानी का TWEET वायरल

**नई दिल्ली.** पाकिस्तान के युवा तेज गेंदबाज शाहनवाज दहानी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाली है, जो कुछ ही मिनटों में वायरल हो गई। इस पोस्ट में पाकिस्तान के सीनियर ऑलराउंडर इफ्तिखार अहमद की फोटो शेयर करते हुए दहानी ने लिखा कि आखिरी मौके पर उनके पास अंबानी प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन का न्योता आया है। इफ्तिखार इस फोटो में हाथ में एक पर्ची को बहुत ध्यान से पढ़ते हुए नजर आ रहे हैं। आपको बता दें कि मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी इस साल जुलाई में होनी है, लेकिन इससे पहले तीन दिन का प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन किया गया, जो 1 मार्च से 3 मार्च तक चला। गुजरात के जामनगर में हुए इस फंक्शन में भारत ही नहीं दुनिया की तमाम दिग्गज हस्तियों ने शिरकत की।इस फंक्शन के लिए भारत के साथ-साथ दुनिया के कई दिग्गज क्रिकेटरों ने भी हिस्सा लिया। इन दिनों पाकिस्तान में पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) खेला जा रहा है, और कुछ खिलाड़ी तो इस टूर्नामेंट को बीच में छोड़कर इस खास जश्न में शामिल होने पहुंचे, जिसमें कीरोन पोलार्ड जैसा बड़ा नाम भी शामिल है। भारतीय क्रिकेटरों की बात करें तो सचिन तेंदुलकर, रोहित शर्मा, एमएस धोनी, जहीर खान जैसे कई बड़े नाम इस जश्न में हिस्सा लेते नजर आए।

अंबानी प्री-वेडिंग जश्न में कोई भी पाकिस्तानी क्रिकेटर नहीं नजर आया और ऐसे में दहानी की इस पोस्ट का जमकर मजाक भी बन रहा है। उन्हें इस पोस्ट के लिए जमकर ट्रोल भी किया जा रहा है। दहानी ने यह पोस्ट 4 मार्च को शेयर की और फंक्शन 1 से 3 मार्च तक ही था।शाहनवाज दहानी यहीं नहीं रुके। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर भी यह पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, इफ्तिखार भाई को क्या करना चाहिए? जाना चाहिए या फिर नहीं जाना चाहिए? अनंत अंबानी-राधिका मर्चेंट के इस फंक्शन में रिहाना, एकॉन जैसे इंटरनेशनल स्टार्स ने भी परफॉर्म किया। इसके अलावा स्टेज पर शाहरुख खान, आमिर खान और सलमान खान साथ में डांस करते हुए भी दिखे।

## डेविड वॉर्नर के टेस्ट से संन्यास के बाद स्टीव स्मिथ की जगह मार्नस लाबुशेन को करना चाहिए था ओपन... AUS के पूर्व क्रिकेटर ने क्यों कहा ऐसा



**नई दिल्ली.एजेंसी**

साल 2024 की शुरुआत में ही ऑस्ट्रेलिया के स्टार सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया। वॉर्नर ने पहले ही ऐलान कर दिया था कि पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज उनके करियर की आखिरी टेस्ट सीरीज होगी। ऑस्ट्रेलिया वर्सेस पाकिस्तान टेस्ट सीरीज का आखिरी टेस्ट मैच 3 जनवरी से सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेला गया था, जो वॉर्नर के करियर का आखिरी टेस्ट मैच था और यह वॉर्नर के होम ग्राउंड पर खेला गया था।

इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम के स्टार टेस्ट बैटर स्टीव स्मिथ ने इच्छा जताई कि वह वॉर्नर के बाद उस्मान ख्वाजा के साथ पारी का आगाज करेंगे। स्मिथ अभी तक कुल तीन टेस्ट मैचों में स्पेशलिस्ट सलामी बैटर के तौर पर खेलने उतर चुके हैं, लेकिन कुछ ज्यादा सफल नहीं हुए हैं। स्मिथ ने इन तीन टेस्ट मैचों की छह पारियों में क्रम से 12, नॉटआउट 11, 6, नॉटआउट 91, 31 और 0 रनों की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान मार्क टेलर का मानना है कि स्मिथ की जगह मार्नस लाबुशेन को सलामी बैटर की भूमिका निभानी चाहिए थी।

मार्नस लाबुशेन पिछले कुछ समय से काफी खराब फॉर्म से भी जूझ रहे हैं और रन बनाने के लिए काफी संघर्ष करते नजर आए हैं। मार्क टेलर ने कहा, मुझे अच्छा लगता अगर स्टीव स्मिथ की जगह मार्नस लाबुशेन को बैटिंग ऑर्डर में ऊपर भेजा जाता क्योंकि स्टीव स्मिथ आपके लिए बेस्ट बैटर रहे हैं, पिछले 10 सालों में वह हमारे लिए सबसे अच्छे बैटर रहे हैं। तो बेहतर यही होता कि स्टीव स्मिथ वहीं बैटिंग करते जहां वो कर रहे थे और मार्नस लाबुशेन पारी का आगाज करते, लेकिन मार्नस इसको लेकर बिल्कुल इच्छुक नजर नहीं आए।

## राधा यादव की यूट्यूब हिस्ट्री में जेमिमा रोड्रिगेज को मिले विराट कोहली के स्पेशल वीडियो, सरेआम पूछ डाली वजह

**नई दिल्ली.एजेंसी**

दिल्ली कैपिटल्स ने वुमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2024 में 3 मार्च को गुजरात जायन्ट्स के खिलाफ 25 रनों से जीत दर्ज कर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को और पुख्ता कर लिया है। दिल्ली कैपिटल्स की जीत के बाद वुमेंस प्रीमियर लीग के आधिकारिक ट्विटर (अब X) अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया गया है। इस वीडियो में जेमिमा रोड्रिगेज और राधा यादव के बीच बातचीत हो रही है। राधा और जेमिमा दोनों ही दिल्ली कैपिटल्स टीम का हिस्सा हैं। राधा यादव ने गुजरात जायन्ट्स के खिलाफ चार ओवर में महज 20 रन खर्चकर तीन विकेट चटकाए। वहीं जेमिमा के लिए यह मैच कुछ खास नहीं



रहा और वह 10 गेंदों पर सात रन बनाकर आउट हुई थीं। मैच के बाद जेमिमा ने बताया कि राधा हर मैच से पहले विराट कोहली के एग्रेशन वाले वीडियो देखकर खेलने उतरती हैं। जेमिमा और राधा की बातचीत का पूरा वीडियो जेमिमा ने मैच के बाद राधा को लेकर एक खुलासा किया और कहा,मैं राधा के फोन पर यूट्यूब पर गाने चला रही थी, और यूट्यूब हिस्ट्री में पता है क्या था? विराट कोहली एग्रेशन वीडियो, वो रोज मैच से पहले विराट कोहली एग्रेशन वीडियो देखकर जाती है। उसके बारे में जरा बताओ आपराधा यादव ने इस पर जवाब में कहा, मैच में थोड़ा पम्प्ड अप रहना चाहिए।

वो मेरे आइडल हैं, उनको मैं मैच से पहले हमेशा देखती हूं कि वो किस पैशन से खेलते हैं। तो मैं काफी रिलेट कर सकती हूं उनको, इसलिए मैं देखती हूं।इस पर जेमिमा ने कहा, बिल्कुल मुझे लगता है कि विराट भइया का भी आशीर्वाद सदा आपके ऊपर रहे। ऐसे ही खेलते रहो, मुस्कुराते रहो और एग्रेशन बनाए रहो।

## पैट कमिंस बने सनराइजर्स हैदराबाद के नए कप्तान, SRH ने IPL 2024 से पहले किया बड़ा ऐलान

**सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल 2024 के लिए अपने नए कप्तान का ऐलान कर दिया है। टीम ने पैट कमिंस को अपना नया कप्तान चुना है। एसआरएच ने इस ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज को मोटी रकम खर्च कर नीलामी में खरीदा था।**



**नई दिल्ली.एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद ने सोमवार, 4 मार्च को आगामी आईपीएल 2024 के लिए अपने नए कप्तान का ऐलान कर दिया है। टीम ने ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस को अपना नया कप्तान चुना है। पैट कमिंस कप्तानी के मामले में एडन मारक्रम को रिप्लेस करेंगे जिन्होंने पिछले सीजन एसआरएच की कमान संभाली थी। उनकी अगुवाई में हैदराबाद का परफॉर्मेंस बेहद खराब रहा था, टीम 14 में से 10 मैच हारकर पॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे 10वें पायदान पर रही थी। टीम का परफॉर्मेंस सुधारने के लिए हैदराबाद टीम मैनेजमेंट ने यह फैसला लिया है।

पैट कमिंस पर सनराइजर्स हैदराबाद ने नीलामी में मोटा पैसा खर्च किया था। इस ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज को एसआरएच ने 20.50 करोड़ रुपए में अपनी टीम में शामिल किया था। ऐसे में उनका कप्तान बनना स्वाभाविक था।पैट कमिंस के लिए क्रिकेट की दुनिया में पिछले 9 महीने बेमिसाल रहे हैं। उनकी अगुवाई में ऑस्ट्रेलिया ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब जीता था, वहीं टीम एशेज रिटेन करने में भी कामयाब रही थी। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया 2023 में भारत में हुए वर्ल्ड कप को भी जीतने में सफल रही थी।कमिंस को पिछले साल आईसीसी क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुने जाने के साथ-साथ आईसीसी टेस्ट टीम का कप्तान भी नियुक्त किया गया था।

उम्मीद है पैट कमिंस की अगुवाई में सनराइजर्स हैदराबाद का प्रदर्शन इस साल सुधरेगा। बता दें, टीम ने अपना आखिरी खिताब 2016 में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान डेविड वॉर्नर की अगुवाई में जीता था।सनराइजर्स हैदराबाद आईपीएल 2024 स्क्वॉड पैट कमिंस (कप्तान), अब्दुल समद, अभिषेक शर्मा, एडेन मार्करम, मार्को जानसन, राहुल त्रिपाठी, वाशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, सनवीर सिंह, हेनरिक क्लासेन, भुवनेश्वर कुमार, मयंक अग्रवाल, टी. नटराजन, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक मारकंडे, उपेन्द्र सिंह यादव, उमरान मलिक, नीतीश कुमार रेड्डी, फजलहक फारूकी, शाहबाज अहमद, ट्रैविस हेड, वानिंदु हसरंगा, जयदेव उनादकट, आकाश सिंह, जथावेध सुब्रमण्यन।

## विराट कोहली के साथ हुए विवाद से नवीन उल हक ने उठाया पर्दा- बोले- गंभीर इसलिए गुस्सा हुए थे क्योंकि...

**नवीन उल हक ने बताया कि गौतम गंभीर उस मैच में (बैंगलोर वाले) इसलिए गुस्सा हो गए क्योंकि हमें एक बॉल पर एक रन चाहिए था और बॉलर आकर हमारे नॉन स्ट्राइकर को मांकड़ (रन आउट) करना चाहता था**



**नई दिल्ली.**अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज नवीन-उल-हक ने एक बार फिर आईपीएल 2023 में विराट कोहली के साथ हुई भिड़ंत को याद किया है। इस दौरान उन्होंने इस बात का भी खुलासा किया है कि गौतम गंभीर ने क्यों बैंगलोर के क्राउड को चुप रहने का इशारा किया था।

बता दें, पिछले सीजन रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) और लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के बीच खेले गए दोनों मुकाबलों ने खूब सुर्खियां बटोरी थी। जब लखनऊ की टीम बैंगलोर गई थी तो मैच का काफी रोमांचक अंत हुआ था, मैच खत्म होने के बाद गंभीर ने बैंगलोर के क्राउड की ओर चुप रहने का इशारा किया था। इसके बाद जब विराट कोहली लखनऊ के मैदान पर खेलने पहुंचे थे तो उन्होंने एलएसजी के खिलाड़ियों की स्लेजिंग कर इसका बदला लिया था। इस दौरान कोहली की नवीन उल हक और गौतम गंभीर के साथ भी गहमागहमी हो गई थी।जाल्बी टीवी के यूट्यूब पॉडकास्ट पर नवीन उल हक ने इस मुद्दे पर कहा, हम अपना अवे मैच खेलने बैंगलोर गए थे, इसकी शुरुआत वहां से हुई थी...हम वो मैच जीते थे। काफी करीबी मुकाबला था और हमने स्कोर चेज किया था...मैच जीतने के बाद हमारे एक खिलाड़ी (आवेश खान) ने आखिरी रन के बाद अपने हेलमेट जमीन पर मारा था। मुझे लगता है कि उनको (विराट कोहली) यह चीज पसंद नहीं आई थी।उन्होंने आगे कहा, इस घटना के बाद उनकी टीम लखनऊ आई थी, हमारे होम ग्राउंड पर। तो जब वो लोग मैच जीत रहे थे तो...मैं उस समय 9वें या 10वें नंबर पर बल्लेबाजी करने गया था..उस टाइम पर हम ऑलमोस्ट मैच हार चुके थे...उस समय लग नहीं रहा था कि मुझे कोई स्लेज करेगा क्योंकि डेड गेम था, वो लोग जीत रहे थे। तब मेरे साथ स्लेजिंग हुई थी...जब कोई स्लेजिंग स्टार्ट करता है तो मैं पीछे नहीं रह पाता...मेरा नेचर ऐसा ही है...चाहे जो भी जैसे भी हो...वो स्लेजिंग हुई थी उसके बाद हैंडशेक में भी बातचीत आगे बढ़ी थी।नवीन साथ ही बोले, जब मेरी स्लेजिंग हो रही थी तो विराट कोहली और मोहम्मद सिराज थे...और मैंने भी बस उसका जवाब दिया था कुछ पर्सनल नहीं गए थे। गौतम गंभीर उस मैच में (बैंगलोर वाले) इसलिए गुस्सा हो गए क्योंकि हमें एक बॉल पर एक रन चाहिए था और बॉलर आकर हमारे नॉन स्ट्राइकर को मांकड़ (रन आउट) करना चाहता था और वह लास्ट विकेट थी।

